हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

13 सम्मेलन में कवियों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया



14 प्रधानमंत्री स्वच्छता सेवा पर्व पर उठे सवाल धरातले पर लगा...



# इस बार नारनौल में होगा प्रदेश स्तरीय महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह, 16 नवंबर को आएंगे सीएम

## भाजपा के वरिष्ठ नेता जवाहर ने सैनी समाज की बैठक लेकर बनाई रूपरेखा

**प्रदेश, जिला, विधानसभा व ब्लाक लेवल पर गठित होगी टीम, दक्षिणी हरियाणा के लिए ऐतिहासिक होगा समारोह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रत्येक समाज से जुड़े महापुरुषों को याद करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह इस बार नारनौल में होगा। इससे पहले हिसार, कैथल व कुरूक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह हो चुका है। नारनौल में यह प्रदेश स्तरीय समारोह 16 नवंबर को होगा। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। उनके साथ हरियाणा कैबिनेट के मंत्री भी शामिल होंगे। दक्षिणी हरियाणा के अंतिम छोर पर बसे नारनौल में यह समारोह भव्य एवं ऐतिहासिक होगा। इसकी रूपरेखा बनाने के लिए मंगलवार शाम भाजपा के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी नारनौल पहुंचे और सैनी समाज की बैठक में हिस्सा लेकर रूपरेखा तैयार की। बैठक के बाद नांगल चौधरी रोड स्थित नई अनाज मंडी पहुंचे और समारोह के लिए यह स्थान फाइनल किया गया।

### यूं तय हुआ कार्यक्रम

भाजपा हर साल महाराज शूर सैनी जयंती समारोह प्रदेश स्तर पर बना रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी ने बैठक में बताया कि इस बार जब हरियाणा के किस जिले में यह समारोह आयोजित किया जाए, इस पर मंथन चल रहा था। मंशा थी कि हरियाणा के अंतिम छोर पर बसे सिरसा, नारनौल, पलवल में यह कार्यक्रम हो। यहां जाकर लोगों से मिले भी, लेकिन नारनौल के लोगों में ज्यादा ही उत्साह नजर आया। इसके बाद इस बार नारनौल में यह जयंती समारोह हो, इसके लिए जिला के सैनी समाज से जुड़े लोग नारनौल सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी की अगुवाई में पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ मिले थे और समारोह नारनौल में आयोजित करने का आग्रह किया था। अब इसकी तारीख 16 नवंबर रविवार नारनौल के लिए तय हो गई है।



समारोह की सफलता को लेकर प्रदेश स्तर की नारनौल में जल्द होगी बैठक

नारनौल। सैनी समाज की बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता जवाहर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

बैठक की अध्यक्षता नारनौल सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी ने की। इस दौरान महेंद्रगढ़ सैनी सभा प्रधान सुरेशचंद सैनी, नांगल चौधरी सैनी सभा प्रधान बलबीर सैनी, नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, महेंद्रगढ़ नगर पालिका प्रधान रमेशचंद सैनी, नगर परिषद के पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय सैनी, सैनी सभा उपप्रधान रोहताश सैनी, पूर्व पार्षद लक्ष्मी सैनी सहित सैनी समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन मास्टर केसरीनंदन ने किया।

### ब्लाक स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक गठित होगी टीम

सैनी धर्मशाला में दोपहर तीन बजे सैनी समाज की बैठक आरम्भ हुई। इसमें वक्ता के तौर पर समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। किसी ने समारोह किसी व्यक्ति विशेष की बजाय सैनी सभा नारनौल की अगुवाई में करने की सलाह दी तो किसी ने एकजुटता का संदेश देकर चुनाव के समय एकता का हवाला देते हुए उसे फिर से दोहराने की बात कही। सभी की बात सुनने के बाद अपने संबोधित में जवाहर सैनी ने कहा कि यह समारोह प्रदेश स्तर पर भव्य होगा। दक्षिणी हरियाणा के लिए ऐतिहासिक पल होगा। इस समारोह की सफलता के लिए आने वाले समय में जल्द ही यहां प्रदेश स्तरीय बैठक होगी। उसमें प्रदेश स्तरीय, जिला स्तरी, विधानसभा स्तर और ब्लाक स्तर पर अलग-अलग टीम गठित की जाएगी। सभी को जिम्मेवारियां बांटी जाएगी। प्रदेश के हर व्यक्ति तक समारोह का न्योता भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आज से 11 तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित



**नारनौल।** बिजली घर ढाणी बाठोठा से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में आठ से 11 अक्टूबर तक रोजाना सुबह नौ बजे से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम कर्मचारी चंद्रजीत ने बताया कि इस दौरान मुकुंदपुरा, टहला, बसीरपुर की ढाणी, दुण की ढाणी, झगडेत की ढाणी, ताजीपुर व मांदी गांव के उपभोक्ताओं को दिनभर बिजली की कटौती का सामना करना पड़ेगा।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक 12 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के कार्यवाहक उपप्रधान विजय सिंह रहीश ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित संगठन के कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में 12 अक्टूबर को होगी। जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा करेंगे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ शहर की ज्वलंत समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### कांग्रेस पार्टी का वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम कल

**महेंद्रगढ़।** कांग्रेस पार्टी द्वारा यादव धर्मशाला में नौ अक्टूबर को सुबह 10 बजे वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूर्व सीपीएस राव दानसिंह शिरकत करेंगे। राव दानसिंह के कार्यालय सचिव सूबेदार हरिसिंह ने बताया कि राहुल गांधी के आह्वान पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राव दानसिंह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करेंगे।

## रेट मिल रहे 1800-2025 रुपये प्रति क्विंटल

# सरकारी खरीद चालू नहीं होने से किसान औने-पौने दामों में बाजरा बेचने को मजबूर

महेंद्रगढ़ की अनाज मंडी में 2655 क्विंटल तथा सतनाली मंडी में लगभग 3800 क्विंटल बाजरा आ चुका है बिकवाली के लिए

*सरकार ने बाजरे का सरकारी समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, मगर बाजरा सरकारी मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण सरकारी खरीद एजेंसी बाजरे को हाथ लगाने से अब तक कतराती रही है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

खरीफ मार्केटिंग सीजन-2025 के तहत अब तक प्रदेश सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर बाजरे की सरकारी खरीद चालू नहीं हो सकी है, जबकि खरीद गत 23 सितंबर से करने के सरकारी आदेश जारी हैं। सरकारी खरीद नहीं होने से किसान इन दिनों मंडियों में बाजरा औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हो रहे हैं।

इस समय अनाज मंडी में केवल प्राइवेट खरीददार ही बाजरे की खरीद कर रहे हैं, जो बाजरे का महज 1800 से 2025 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से ही दाम लगा रहे हैं। दूसरी ओर सरकार ने बाजरे का सरकारी समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, मगर बाजरा सरकारी मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण सरकारी खरीद एजेंसी बाजरे को हाथ लगाने से अब तक कतराती रही है। यही वजह है कि बाजरे का एक भी दाना सरकारी रेट पर अब तक नहीं बिक सका है।



महेंद्रगढ़। सतनाली मंडी में रखा बाजरा। फोटो : हरिभूमि

### 102 किसान गेट पास बनवाकर मंडी में पहुंच चुके

बता दें कि प्रदेश सरकार ने अबकी बार एक अक्टूबर की बजाए 23 सितंबर से ही बाजरे की सरकारी खरीद चालू करने की घोषणा की थी, लेकिन अब एक पखवाड़ा बीतने तक भी बाजरे की सरकारी खरीद चालू नहीं हो पाई है। जबकि महेंद्रगढ़ अनाज मंडी में अब तक लगभग 102 किसान गेटपास बनवाकर मंडी में पहुंच चुके हैं, जो लगभग 2655 क्विंटल बाजरा लेकर आ चुके हैं। बाजरे की आवक अब भी जारी है तथा रोजाना ही 8-10 किसान मंडी बाजरा लेकर पहुंच रहे हैं। मंडी में आए किसानों का बाजरा खरीद एजेंसी सैंपल बार-बार फेल होने पर खरीद नहीं कर रही। अबकी बार बाजरा लेट तक हुई बरसात के कारण बदरंग बना हुआ है। इसके अलावा दाना साफ–सुथरा नहीं होने व अन्य कारण भी परेशानी बने हुए हैं। इसी वजह से किसान मंडी आने पर बाजरे को महज 1900 रुपये से 2025 रुपये प्रति क्विंटल ही अब तक बेच पाए हैं, जो सरकारी घोषणा 2200 रुपये प्रति क्विंटल से काफी कम राशि बनती है।

### सतनाली मंडी की स्थिति

*बाजरा खरीद मामले में सतनाली मंडी की भी स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती, क्योंकि इस मंडी में खरीद चालू होने से अब तक लगभग 90 किसान मंडी आ चुके हैं, जो करीब 3800 क्विंटल बाजरा मंडी लेकर पहुंचे हैं। इन किसानों से बाजरा प्राइवेट व्यापारी महज 1800-1900 रुपये प्रति क्विंटल में ही खरीद कर रहे हैं। ऐसे में किसान निराश हैं और उनमें सरकार के प्रति नाराजगी पनपी हुई है। किसानों का कहना है कि जब सरकार ने 2775 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीदना तय कर रखा है तो इससे कम दाम में खरीद नहीं होना नुकसानदायी है।*

### यह बोले मंडी सचिव



महेंद्रगढ़ अनाज मंडी के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि मंडी में बाजरे की आवक जारी है। प्रतिदिन 5-7 किसान बाजरा लेकर आ रहे हैं। सरकारी खरीद नहीं होने के कारण यह बाजरा प्राइवेट आढ़ती खरीद रहे हैं, जो गेटपास कटने के बाद सीधे उनकी दुकानों पर उतारा जा रहा है।



नारनौल। रेलवे स्टेशन कनीना पर मांगों को लेकर धरना देते कार्यकर्ता।

# कनीना में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग, दिया धरना

**रेल रोको आंदोलन व बेमियादी धरना शुरू करने की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

कनीना उपमंडल के आसपास के 54 गांवों के लोगों ने कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग को लेकर धरना दिया। धरना का नेतृत्व प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने किया। धरना प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि कनीना स्टेशन से आठ एक्सप्रेस ट्रेन गुजरती है, लेकिन उनमें से एक भी ट्रेन का ठहराव कनीना स्टेशन पर न होने के कारण लोगों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने चेतावनी दी एक महीने के अंदर कनीना खास रेलवे स्टेशन पर दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी, दिल्ली से बीकानेर एक्सप्रेस, दिल्ली से सीकर एक्सप्रेस, रात को आने वाली दिल्ली बीकानेर एक्सप्रेस, दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव की अधिसूचना एक महीने के अंदर जारी नहीं की, तो रेल रोको आंदोलन और बेमियादी धरना शुरू किया जाएगा। धरने को कर्णसिंह यादव, श्रीभगवान गौतम, हरेन्द्र शर्मा, भागसिंह चेयरमैन, श्यामलाल शाश्वत, प्रधान ब्रह्मदत शर्मा ने सम्बोधित करते हुए रेलमंत्री से तत्काल एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कनीना स्टेशन पर करने की मांग की। धरना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव व डीआरएम बीकानेर डिवीजन को प्रेषित तीन अलग अलग ज्ञापन स्टेशन मास्टर सुमित कुमार को सौंपे। उन्होंने तत्काल रेल प्रशासन को भेजने का भरोसा दिया। इस मौके पर नीतू जांगड़ा, राजेन्द्र पंच, राकेश यादव, किशनपाल तंवर, सूबेदार मेजर मदनसिंह, ब्रह्मदत जांगड़ा, कैलाश सेठ, अनिल, रामप्रसाद, दिवान, कैलाश ठेकेदार, कर्णसिंह यादव, श्रीभगवान गौतम, जयसिंह, कप्तान ओमपाल सिंह, विजयसिंह, ऋषि यादव, रामसिंह प्रजापत आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने बरामद किए 41 अवैध कमर्शियल गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और थाना नांगल चौधरी पुलिस की टीम ने नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर बने सर्विस रोड पर एक कार वाश सेंटर के पास खाली जमीन पर अवैध रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किए है। पुलिस को यहां 41 गैस सिलेंडर मिले। जिनमें 11 सिलेंडर भरे हुए थे। यहां पर सिलेंडरों को अवैध रूप से भरा जा रहा था। खाद्य आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक मनीष गुर्जर ने बताया कि थाना नांगल चौधरी पुलिस टीम के साथ एसआई कृपाल व उनका स्टाफ तुलाराम चौक के पास मौजूद थी।

### अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज , जांच शुरू

टीम को सूचना मिली कि कोटपुतली रोड के सर्विस रोड पर कार वॉश सेंटर के साथ लगती जमीन पर गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से भरा जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम बताई गई जगह पर पहुंची। टीम को मौके पर पहुंचते ही वहां मौजूद व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। तलाशी लेने पर वहां बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडर व एक इलेक्ट्रिक कांटा बरामद हुआ। जांच के दौरान कुल 41 कमर्शियल सिलेंडर मिले, जिनमें से 11 सिलेंडर भरे हुए थे, जबकि बाकी खाली पाए गए। बताया जा रहा है कि यह सिलेंडर मोनटेक वासी कालबा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जे में रखे गए थे। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



नारनौल। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**विकास कार्य** | विधायक मंजू चौधरी की मौजूदगी में जिला मिनरल फंड से बजट हुआ अलॉट

# निजामपुर ब्लॉक के 6 गांवों में 1.33 करोड़ रुपये से विकास कार्य कराएगा माइनिंग विभाग, गांव वाइज बीडीपीओ को भेजा बजट

**ग्रामीणों की पेयजल व अन्य सुविधाओं पर खर्च करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

माइनिंग विभाग ने कमेटी की रिपोर्ट पर डीएमएफ फंड से विकास कार्यों के लिए बजट निर्धारित किया है। विभाग की दूसरी सूची में निजामपुर ब्लॉक के छह गांवों में 1.33 करोड़ रुपये से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। बीडीपीओ को गांव वाइज बजट राशि का चेक भेज दिया है। पंचायतों को प्रस्ताव की औपचारिकता पूरी करके चिन्हित विकास कार्य मापदंडानुसार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

आपको बता दें कि क्रैशर जोन व माइंस की लीज राशि पर 10 फीसदी डीएमएफ शुल्क वसूली होती है। यह शुल्क राशि जिला मानिंग अधिकारी की देखरेख में जमा करने का प्रावधान है। जिससे माइनिंग से प्रभावित गांवों में ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराने की हिदायत है। बीते महीने डीएमएफ कमेटी की बैठक संपन्न हुई थी। जिसमें नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी ने माइंस व क्रैशरों से प्रभावित गांवों की समस्या से अवगत कराया था। कहा कि बिगोपुर गांव क्रैशर जोन की तलहटी पर बसा हुआ है। जहां डस्ट उड़ने की समस्या से टीबी, अस्थमा, सिलोकोसिस जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ गई। बखरीजा में माइंस के खनन से भयानक स्थिति बनी हुई है।

बचाव के लिए सरकार ने जिला मिनरल फंड का प्रावधान किया है। इस फंड में क्रैशरों की रायल्टी तथा लीज राशि का 10 फीसदी शेयर जमा कराया जाता है। क्रैशर तथा माइंसों पर हर साल अरबों का कारोबार होता है, जिसकी डीएमएफ माइनिंग विभाग में जमा है, लेकिन बीते कई सालों से प्रभावित गांवों में डीएमफ राशि का इस्तेमाल नहीं हुआ। बैठक में उपायुक्त को ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए डीएमएफ राशि को खर्च करने का सुझाव दिया गया था। इसके बाद जिला माइनिंग अधिकारी ने गांव वाइज बजट राशि निर्धारित करके बीडीपीओ को चेक भेजा है। साथ ही उन्होंने चिन्हित विकास कार्यों की सूची भी बीडीपीओ को भेजी है, निर्धारित बजट राशि को सूची में शामिल कार्यों पर खर्च करने की हिदायत दी गई है।

### सभी गांवों में समान विकास कार्य करवाना प्राथमिकता



विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि लंबे समय बाद डीएमएफ कमेटी की बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त को माइंस से प्रभावित गांवों की सूची सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया था। इसके बाद नांगल चौधरी ब्लॉक के गांवों को 69 लाख व निजामपुर खंड के छह गांवों को 1.33 करोड़ के चेक उपलब्ध करवा दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी गांवों में समान विकास कार्य करवाना प्राथमिकता रहेगी।

### गांव वाइज निर्धारित डीएमएफ बजट

| गांव | बजट लाखों में |
|---|---|
| बिगोपुर | 56.91 |
| पवेरा | 06.88 |
| पाचनोता | 02.02 |
| गांवड़ी जाट | 14.54 |
| मूसनोता | 21.74 |
| बखरीजा | 31.70 |

# एसयूसीआई ने की फिलिस्तीन में ट्रम्प की शान्ति योजना की निंदा

■ अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से फिलिस्तीन को उपनिवेश बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एसयूसीआई कम्युनिस्ट के आह्वान पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने फिलिस्तीन में डोनाल्ड ट्रम्प की तथाकथित शान्ति योजना के खिलाफ अखिल भारतीय निंदा दिवस के तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने एकत्रित हुए। यहां से जुलूस के रूप में लेबर चौक पहुंचकर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से फिलिस्तीन को उपनिवेश बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के नाम पर विशेष रूप से गाजा में फिलिस्तीनियों पर इजराइली आक्रमण को रोकने के नाम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक शाति योजना प्रस्तावित की है, जो एक औपनिवेशिक ढांचे में फिलिस्तीन की जनता को गुलाम बनाने के अलावा और कुछ नहीं है। जहां फिलिस्तीन के लोग अमेरिकी इजराइली शासकों के हमेशा कैदी बने रहेंगे। यह एक खतरनाक प्रस्ताव है। जिसे तुरंत खारिज किया जाना चाहिए। जब विश्व जनमत तत्काल युद्धविराम और फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने की मांग कर रहा है, तब ट्रम्प का ऐसा प्रस्ताव साम्राज्यवाद की असली मंशा और साजिश को उजागर करता है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और भारत के लोगों से इस योजना के खिलाफ आवाज उठाने व साम्राज्यवादी शासकों की ओर से थोपे जा रहे दुनिया में तमाम युद्धों के खिलाफ लोगों से एकजुट होकर आगे आने का आह्वान करते हैं।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर छाजूराम रावत, मास्टर बिजेंद्र सिंह, शेरसिंह गणियार, सतीश कुमार, डॉ. व्रतपाल सिंह, कामरेड अभय सिंह चन्दपुरा, सीताराम, ईश्वर सिंह तोताहेड़ी, जैनाराम, अभिमन्यु आदि मौजूद थे।*



# बाहुबलीः द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबलीः द बिगनिंग और बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style



# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की।। बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेटेंड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।


### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

***नई दिल्ली।*** *करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे*** *: अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप



### एसडी स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर गए

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों का दल सीबीएसई नॉर्म्स के अनुसार मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर निकला। जिसे विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण टूर जॉयगांव के लिए रवाना हुआ। यह गांव प्राचीन संस्कृति का अनूठा संगम है। यहां विद्यार्थियों को खेल व मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध है।

### नारनौल में नंदिनी पर्व का आयोजन

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नंदिनी पर्व का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केशव नगर निवासी सुजाता देवी व पवन शुक्ला, परदादी शांति देवी के घर में हिमानी शर्मा व जेम्स शुक्ला की नवजात कन्या दिविजा के जन्म के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा, नरोत्तम सोनी, दिनेश कुमार व ओशिन भी मौजूद रहे।

### महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**कनीना।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास जरूरी हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन पर अंकुश लगने के बाद बहुत हद तक पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सकता है। यह विचार नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने अपने जन्मदिन पर नपा कार्यालय में आयोजित समारोह में उपस्थित महिलाओं के समक्ष व्यक्त किए। इस अवसर पर जूट के 2100 बैग वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि बाजार में खरीदारी करते समय प्लास्टिक के पॉलीथिन में सामान लाने से परहेज करें। यह पॉलीथिन इस्तेमाल के बाद रसोई घर से डस्टबिन होते हुए कचरे के ढेर में पहुंच जाती है। वहां से उड़कर खेतों में चली जाती है। जिससे धरती की उपजाऊ शक्ति कमजोर होती है, तो दूसरी ओर कूड़े में आवारा पशु मुंह मारते हैं, जिससे वह उनके पेट में चली जाती है।

# सम्मेलन में कवियों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

- रामलीला मैदान चांदूवाडा में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रोटरी क्लब सिटी की ओर से सोमवार रात्रि विशाल हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन रामलीला मैदान चांदूवाडा में किया गया। जिसमें सोनभद्र से कमलेश राजहंस, फरीदाबाद से सरदार मंजीत सिंह, कामा से डॉ. भगवान मरकंद, मावली से मनोज गुर्जर, दिल्ली से विनीत पांडे व नाथद्वारा से एकता जैन ने अपनी रचनाओं से सभी को हंसने खिलखिलाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सीबीएम हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. मनीष शर्मा रहे, वहीं अध्यक्षता रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान प्रमुख समाजसेवी प्रवीण संघी ने की तथा अति विशिष्ठ अतिथि मनीष मित्तल, विनय मित्तल, मुकेश गुप्ता, टिंकू जैन, गोपाल मित्तल, विनोद चौधरी, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. संदीप दहिया, रोटरी प्रधान राजकुमार चौधरी, डॉ. एमएम रावत, एडवोकेट राजकुमार यादव, विजय जिंदल रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर रोटरी क्लब की ओर से सभी अतिथिगणों को स्मृति चिहन व पटका पहनाकार उनका स्वागत किया। खएकता जैन ने बगिया में मिलेगी सुमन की एकता, पक्षी को चाहिए खुले गगन की एकता, यूं तो हजारों मिल गए अनेकता लिए, पर एकता को चाहिए वतन की एकता सुनकर देशप्रेम का संदेश दिया। अंत में सरदार मंजीत सिंह की ऑनर किलिंग से प्रेमकथा फेल हो गई, हत्यारों की तो अगले दिन ही बेल हो गई, अरबों का माल लूट कर वो उड गए विदेश तथा कुछ मुर्गी चोरों को यहां जेल हो गई पंक्तियों पर श्रोतागण झूम उठे। कार्यक्रम में मंच संचालन रामलीला ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने किया।



**नारनौल।** कवि सम्मेलन के दौरान अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को गुदगुदाते

#### यह रहे मौजूद

*इस मौके पर रोटरी क्लब प्रधान राजकुमार चौधरी, विनोद चौधरी, विनय मित्तल, एडवोकेट राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, हितेन्द्र शर्मा, विजय जिंदल, हितेन्द्र मित्तल, डॉ. एमएम रावत, राजकुमार चौधरी, गोपाल मित्तल, एडवोकेट दिनेश गोयल, दिनेश सांखला, पवन गुप्ता, सारिका गर्ग, सुचेता गोगिया, प्रियंका संघी, निर्मल जिंदल, रेखा रावत, विधि मित्तल, नीलम चौधरी व रेणु मित्तल, आदि उपस्थित रहे।*

#### फूल सी होती हैं बेटियां, होता है दर्द बाप को तो रोती हैं बेटियां

हास्य कवि सरदार मंजीत सिंह ने नारनौल की पावन धरा को प्रणाम करते हुए मंचासीन सभी कवियों से श्रोताओं का परिचय करवा कर कवि सम्मेलन का आगाज किया। मनोज गुर्जर ने गुलशन में खिले फूल सी होती हैं बेटियां, होता है दर्द बाप को तो रोती हैं बेटियां जैसी भावनात्मक पक्तियों के साथ भावना भरने के बाद अपनी हास्य रस कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

## आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में होगा जोनल यूथ फेस्टिवल


**महेंद्रगढ़।** आरपीएस कॉलेज भवन। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा महेंद्रगढ़ जोन का युवा महोत्सव 10 से 12 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव ने बताया कि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने पहली बार महेंद्रगढ़ एवं रेवाड़ी जोन बनाकर महेंद्रगढ जोनल स्तर का युवा महोत्सव आरपीएस कॉलेज को मेजबानी सौंपी है, जो 10 से 12 नवंबर तक आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में आयोजित किया जाएगा। डॉ. यादव ने बताया कि युवा महोत्सव में संगीत, नृत्य, थियेटर, साहित्य व फाइनल आर्टस की कुल 42 विभिन्न प्रतियोगिता में जिले महेंद्रगढ के कॉलेजों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा चार नॉन काम्पीटिटिव प्रतियोगिता, जिसमें हरियाणवी फैंशन, हरियाणवी साफा मेकिंग व हरियाणवी स्टैण्ड-अप कॉमेडी भी शामिल किया गया है। जोनल स्तर में प्रथम चार स्थानों पर रहने वाली टीमों को इंटर जोनल प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। जोनल स्तर पर ओवरऑल प्रथम स्थान पर रहने वाले कॉलेज को ट्राफी व 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कुलपति, रजिस्ट्रार, डीएसडब्ल्यू व डीवाईडब्ल्यू आईजीयू मीरपुर का आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज को जोनल यूथ फेस्टिवल की मेजबानी सौंपने के लिए धन्यवाद दिया। लेने वाले कॉलेज एक नवंबर तक एंट्री फार्म जमा करवाने होंगे तथा एक नवंबर को ही ड्रॉ के माध्यम से भाग लेने वाली टीमों को कोड अलॉट किए जाएंगे। इस मौके पर कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अनिल यादव, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. अनिता तंवर, डॉ. देवेन्द्र कादयान सहित अन्य कॉलेज प्रतिनिधि मौजूद थे।

## महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं महर्षि वाल्मीकि के आदर्शः विधायक

*संत और महापुरुष किसी एक समाज के न होकर प्रत्येक समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन त्याग, सत्य और समानता के उच्च आदर्शों से प्रेरित है, जो आज भी समाज के लिए पथप्रदर्शक हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महर्षि वाल्मीकि एक महान ऋषि और आदिकवि थे। जिन्होंने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की। महर्षि वाल्मीकि का जीवन व उनके आदर्श हमें अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। यह बात पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इससे पहले महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समकक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनकर स्वागत किया। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार संत महापुरुषों की शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए संत महापुरुष सम्मान व विचार प्रसार योजना चला रही है। इस योजना के तहत समाज में प्रेरणादायक विचारों और आदर्शों का प्रसार किया जा रहा है। संत और महापुरुष किसी एक समाज के न होकर प्रत्येक समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन त्याग, सत्य और समानता के उच्च आदर्शों से प्रेरित है, जो आज भी समाज के लिए पथप्रदर्शक हैं। महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि अर्थात प्रथम कवि कहा जाता है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को रामायण के रूप में लिपिबद्ध किया, जो केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानवता, नैतिकता और मर्यादा का अद्भुत ग्रंथ है। महर्षि वाल्मीकि ने समाज को यह सिखाया कि व्यक्ति का मूल्य उसके कर्मों से होता है, जन्म से नहीं। उनका जीवन त्याग, सेवा और सत्य के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर स्वच्छ, समान और सशक्त समाज का निर्माण करना चाहिए।


**नारनौल।** महर्षि वाल्मीकि को नमन करते विधायक ओमप्रकाश यादव।


**नारनौल।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को सम्मानित करते विधायक ओमप्रकाश यादव।

#### विद्यार्थियों ने दी महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर सांस्कृतिक प्रस्तुति

इस अवसर पर जिला प्रमुख डॉ. राकेश ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों का पालन करते हुए हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। कार्यक्रम में अपने संबोधन में नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि हमारे समाज में वाल्मीकि के आदर्श समानता, न्याय और परिश्रम की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन राजकीय महिला महाविद्यालय से प्रोफेसर डॉ. ममता शर्मा ने किया। इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को 5100 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया। के अंत में नागरिकों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सीटीएम डॉ. मंगल सेन, उपप्रधान वाल्मीकि सभा ताराचंद, चेयरमैन प्रवीण, वाल्मीकि सभा सचिव कुलदीप, वाल्मीकि सभा सदस्य राजेश चावरिया, उपप्रधान मार्केट कमेटी सुरेश चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती नगर में निकाली शोभायात्रा



**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला वाल्मीकि के मंदिर में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शहर के मुख्य बाजारों में बैंडबाजों के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। यह शोभायात्रा वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर स्टेट हाईवें, मौहल्ला सराय, 11 हट्टा बाजार, आजाद चौक, सब्जी मंडी रोड, गांधी मार्केट, ब्रहमदेव चौक, आंबेडकर चौक, ऑटो मार्केट होते हुए वापिस वाल्मीकि मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान महर्षि वाल्मीकि, राम-लक्ष्मण, सीता, लवकुश, भगवान शंकर, हनुमान, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की झांकी की प्रस्तुति दी गई। बैंडबाजों संग निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भगवान वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर आधारित भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी थी। मार्ग में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। इस दौरान विधायक कंवर सिंह खातोद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक महानऋषि और महान साहित्यकार थे।

### वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**मंडी अटेली।** युवा वाल्मीकि समिति की ओर से शहर में भगवान वाल्मीकि जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान वाल्मीकि, भगवान शिव-पार्वती, राम-लक्ष्मण, लव-कुश व हनुमानजी की आकर्षक झांकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती यह शोभायात्रा भक्तिमय माहौल में जयकारों के साथ आगे बढ़ी। लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वातावरण जय वाल्मीकि भगवान के जयघोषों से गूंज उठा। शोभायात्रा का समापन वाल्मीकि चौक पर किया गया। जहां समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पार्षद मनीष ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि केवल हमारे समाज के ही नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने सत्य, ज्ञान व सदाचार का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# विजय इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापक अभिभावक मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह, चेयरमैन विजय यादव टूमना, प्रधानाचार्य नत्थू सिंह समेत शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे। अध्यापकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

अभिभावकों ने अपने बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का संकल्प लिया और विद्यालय के विकास में अपनी भूमिका निभाने का आश्वासन दिया। शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद का एक अच्छा अवसर मिला, जिससे दोनों के बीच संबंध मजबूत हुए।

चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण विकास प्रदान करना है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा में सहयोग करें और विद्यालय के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना की।


**महेंद्रगढ़।** अपने बच्चों की उन्नति रिपोर्ट लेते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

# नीमा नारनौल ने राज्यस्तरीय सेमिनार में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नीमा हरियाणा की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय क्रेडिट पॉइंट (चिकित्सा शिक्षा को बेहतर बनाने) का आयोजन अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में किया गया। जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 800 चिकित्सकों ने भाग लिया, जिसमें नीमा नारनौल शाखा की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के निर्देशानुसार किया गया था। इसका उद्देश्य चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधान और प्रगति से अवगत कराना तथा उन्हें आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में के बारे में अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमा हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. विश्वजीत सिंह फोगाट ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बोर्ड ऑफ एथिक्स की चेयरपर्सन डॉ. रजनी नायर थी।


**नारनौल।** डा. संदीप दाएं साइड, साथ में नीमा हरियाणा के अध्यक्ष डा. विश्वजीत फोगाट।

*आकाश एकेडमी में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई*

# आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की वाणी आज भी प्रेरणास्त्रोतः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आकाश एकेडमी में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूनम ने बच्चों को बताया कि भारत ऋषियों और महापुरुषों की तपोभूमि रही है। इन्हीं में से एक महान विभूति हैं, महर्षि वाल्मीकि, जिन्हें संस्कृत साहित्य का आदिकवि कहा जाता है। उनकी जयंती प्रतिवर्ष आश्विन पूर्णिमा के दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। देवेंद्र बैरावास ने बताया महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रतीक है कि व्यक्ति चाहे किसी भी परिस्थिति में जन्म ले, यदि उसमें आत्मज्ञान की लालसा और दृढ़ निश्चय हो तो वह महानता को प्राप्त कर सकता है। वे रत्नाकर नामक एक साधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने तपस्या और आत्मचिंतन के माध्यम से स्वयं को महर्षि वाल्मीकि के रूप में परिवर्तित किया। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना की, जो न केवल एक धार्मिक ग्रंथ है, बल्कि जीवन के आदर्शों और मानवीय मूल्यों का भी प्रतीक है। इस मौके पर पूनम स्याणा, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, मंजिता जांजड़ियावास, मनोज कुमार, धर्मेंद्र सिंह, शारदा, कंचन यादव, बबीता आदि मौजूद थे।


**महेंद्रगढ़।** महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सरकार किसानों को तुरंत खाद बीज उपलब्ध करवाएं

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने कहा कि जिले के किसान रबी सीजन की फसल सरसों, चना, गेहूं आदि की बिजाई के लिए अपने खेतों को तैयार कर चुके हैं। अक्टूबर व नवंबर इन फसलों की बिजाई का प्रमुख समय होता है, लेकिन अब तक किसानों को न तो खाद मिल रही है और न ही बीज। किसान विजयपाल बडेसरा, वीरेंद्र घाटाशेर, जिलेसिंह गुर्जर, संदीप भांखर, बेदु राता, जोगिंद्र निजामपुर, सत्यवीर पहलवान, वीरेंद्र दहिया ने बताया कि वे पिछले 15 दिनों से खाद व बीज के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। सुबह घर से निकलते हैं और देर रात खाली हाथ लौटते हैं। विजय छिलरो ने कहा कि भाजपा सरकार का दावा है कि प्रदेश की 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं।

## जूलॉजी विभाग में वर्कशॉप आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के जूलॉजी विभाग में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों को जीवित उत्तक से आनुवंशिक पदार्थ निकलना और स्थाई सूक्षम दर्शी स्लाइड बनाने के संबंधित तरीके व तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादियान ने बच्चों को साइंस के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान की महत्वता बताते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रम आधुनिक परिवेश के अनुसार अपडेट रखने में मददगार होते है। डीन डॉ. हेमंत कुमार ने कहा कि आज हर क्षेत्र में वैश्विक परिवेश के अनुसार विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की जरुरत है। विद्यार्थियों में एक वैश्विक प्रतिस्पर्धा मानसिकता के विकास में वर्कशॉप सहायक होगी। विभाग अध्यक्ष डॉ. जगजीत सिंह ने वर्कशॉप के विषय पर प्रकाश डालते हुए इसकी महत्वता के बारे में बताया। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. मोनिका और सुप्रिया ने विषय संबंधित तकनीक संदर्भ के बारे में विस्तार पूर्वक बच्चों को बताया।

# संत शिरोमणि नामदेव जयंती समारोह का न्योता देने पहुंचे पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नामदेव समाज के आराध्य संत शिरोमणि नामदेव महाराज का जयंती कार्यक्रम 26 अक्टूबर को गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम हॉल हिसार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिंह होंगे। इस आशय की जानकारी देने के लिए हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतवीर सिंह वर्मा मंगलवार को लोक निर्माण विश्रामगृह में पहुंचे। जहां उनका समाज के लोगों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वर्मा ने समाज के उपस्थित गणमान्य लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण प्रदान किया और कार्यक्रम आयोजन के संदर्भ में श्री नामदेव समाज समिति व श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारीगण से विचार विमर्श करके उनके सुझाव प्राप्त किए। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेन्द्र राव भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संत किसी समाज विशेष के न होकर संपूर्ण समाज के होते हैं, इसलिए हमें जन्म उत्सव कार्यक्रम में सहपरिवार उपस्थित रहना चाहिए। श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने सतवीर वर्मा को आश्वासन दिया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कार्यक्रम में उपस्थिति दोगुनी रहेगी। इस मौके पर समाज के संरक्षक ठेकेदार सुभाष चंद्र वर्मा, ट्रस्ट के अध्यक्ष पुष्करमल वर्मा, पूर्व ट्रस्ट सचिव सत्यनारायण वर्मा एडवोकेट, समिति उप प्रधान प्रदीप वर्मा, सचिव डॉ. संजय कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, उपसचिव पवन कुमार लखमरा, ट्रस्ट सचिव नवरत्न वर्मा, एडवोकेट नीरज कोकचा, त्रिभुवन वर्मा, सतवीर आदि मौजूद थे।


**नारनौल।** लोक निर्माण विश्राम गृह में लोगों को संबोधित करते सतवीर सिंह वर्मा। फोटो : हरिभूम



## हैप्पी स्कूल में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। बैठक में 1085 अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास एवं भविष्य की योजना पर शिक्षकों से चर्चा की। कार्यक्रम में संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल आदि उपस्थित रहे। संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय तभी प्रगति कर सकता है, जब अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी तीनों एक-दूसरे के पूरक बनें। इस प्रकार की बैठक बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और सीखने की दिशा का दर्पण है। कार्यक्रम के अंत प्राचार्य डॉ. कुंतल ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### अंडरपास में जमा पानी की निकासी की मांग

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के एक शिष्टमंडल ने सीआईए रोड व नागरिक अस्पताल के सामने वाले अंडरपास में जमा पानी की निकासी की मांग को लेकर ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। जिसमें कहा कि अंडरपास में पानी जमा होने के कारण विशेष तौर से स्कूटी व मोटरसाइकिल वालों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन मास्टर ने आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान तुरन्त करवा दिया जाएगा।

### यदुवंशी कॉलेज में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ. सोनल यादव ने बताया कि आज हम सभी यहां एक ऐसे महान ऋषि, तपस्वी, कवि व समाज सुधारक को स्मरण करने हेतु एकत्रित हुए हैं, जिनके योगदान ने न केवल भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया, बल्कि मानवीय मूल्यों को भी एक नई दिशा दी। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बताया कि वाल्मीकि ने विश्व के पहले महाकाव्य रामायण की रचना की। यह महाकाव्य केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू को छूता है। रामायण में कर्तव्य, प्रेम, त्याग व मर्यादा का अनुपम संगम है।

### शरद पूर्णिमा पर भजन संध्या आयोजित

**सतनाली मंडी।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर कस्बे के पुराना बाजार स्थित प्राचीन श्रीठाकुर जी मंदिर में पंडित कृष्ण कुमार शर्मा नावां की भजन मंडली की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया। कृष्ण शर्मा ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया। आज्या नंद के दुलारे हो रोवै अकेली मीरा, भजो रे मन कृष्ण हरि आदि अनेक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक नरसिंह यादव डिगरोता ने मेरी मनसा माई करो सहाई मेरी आज्या ज्वाला माई सहित अनेक भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। गायक ओमपाल सिंह ने सियाराम कहो सियाराम हो भजन प्रस्तुत किए।

# महेंद्रगढ़ को मिली 2 नई रोडवेज बसें, कादमा व सोहला रूट के यात्रियों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रोडवेज ने महेंद्रगढ़ क्षेत्र में दो नई बसें संचालित करने का निर्णय लिया है। इन दोनों बसों के चलने से महेंद्रगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण रूट के यात्रियों को बड़ा भारी फायदा हुआ है, क्योंकि बसों के अभाव के इन दोनों ही रूटों के ग्रामीण साधनों के अभाव में निजी वाहनों में धक्के खाते रहते थे, लेकिन जीएम रोडवेज के निर्णय से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। यह बसें कादमा एवं सोहला रूट पर चलाई गई हैं।

बता दें कि रोडवेज के महाप्रबंधक देवदत्त ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए एक रोडवेज बस कादमा के लिए चलाने का निर्णय लिया है।

यह बस शाम पांच बजे नारनौल से चलकर महेंद्रगढ़ पहुंचेगी और फिर महेंद्रगढ़ से कादमा के लिए रवाना होगी। यह बस महेंद्रगढ़ से चलकर आकोदा, खुडाना, ऊण, माई खुर्द होते हुए कादमा पहुंचेगी और वहीं गांव में रात्रि ठहराव करेगी। फिर अगली सुबह इसी रूट से 7:30 बजे कादमा से महेंद्रगढ़-नारनौल के लिए चलेगी।

**खास बातें**

- रोडवेज के जीएम देवदत्त ने लोगों की डिमांड को देखते हुए महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लिए चलाई हैं स्पेशल दो बसें, आगामी दिनों में और भी चलेंगी बसें

## कादमा गांव में रात्रि ठहराव करेगी बस

**ग्रामीण एवं अड्डा इंचार्ज खुश**

इन दोनों रोडवेज बसों के चलने से ग्रामीण रूट के यात्रियों को बड़ा लाभ हुआ है। अन्यथा इन दोनों ही रूटों के ग्रामीण निजी वाहनों में धक्के खाने एवं मनमाना किराया देने को मजबूर हो रहे थे। निजी वाहन किराया भी मजबूरी का फायदा उठाकर किराया वसूलने में भी मनमानी करते थे। स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थान आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी होती थी। विवाह-शादी के दिनों में तो निजी वाहन बुकिंग पर चले जाते थे और यात्री इधर-उधर धक्के खाते रहते थे, लेकिन इन बसों के चलने से अब उन्हें जरूर फायदा होगा। महेंद्रगढ़ के बस अड्डा इंचार्ज हरिकिशन ने बताया कि रोडवेज बसें चलने से यात्रियों को बड़ा फायदा हुआ है तथा उनमें खुशी व्याप्त है।



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड। फोटो : हरिभूम

### यह बोले रोडवेज जीएम



इन दोनों ही रूटों की डिमांड आई हुई थी, जिस पर निर्णय लेकर रोडवेज बसें चलाई गई हैं। इन बसों के चलने से यात्रियों को फायदा होगा। रोडवेज बेड़े में अभी हाल ही में नई बसें शामिल हुई हैं। इनके दस्तावेज तैयार करवाए जा रहे हैं। जैसे ही ये बसें रूटों पर चलेंगी, अन्य रूटों पर भी रोडवेज बसें मिलना शुरू हो जाएंगी। यात्रियों को चाहिए कि वे टिकट लेकर ही बस में यात्रा करें।

—देवदत्त, जीएम रोडवेज

### सोहला के लिए भी चलाई नई बस

रोडवेज जीएम देवदत्त के आदेशानुसार महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से सोहला गांव के लिए भी एक रोडवेज बस की सेवा शुरू की गई है। यह बस सवेरे 8 बजकर 15 मिनट पर महेंद्रगढ़ से चलेगी और खातोद, निंभेड़ा, बलायचा होते हुए सोहला गांव पहुंचेगी। फिर इसी मार्ग से वापसी में 8:45 बजे सोहला से महेंद्रगढ़ के लिए चलेगी।

## सरकारी दावे फेल: दौगड़ा अहीर में सफाई व्यवस्था चरमराई

# प्रधानमंत्री स्वच्छता सेवा पर्व पर उठे सवाल धरातले पर लगा समस्याओं का अंबार

### पाइप लाइन लीकेज होने से ग्रामीण परेशान

नीरज कुमार ▶▶ मंडी अटेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान भले ही सरकार की उपलब्धियों में गिना जा रहा हो, लेकिन जिले के गांव दौगड़ा अहीर की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। गांव में नालियां जाम हैं, सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है तथा सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है।

गौरतलब है कि अभियान के दौरान कागजों में गांव को स्वच्छ दिखाया गया, लेकिन हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ दौगड़ा अहीर जाकर स्वच्छता अभियान की की पोल खुल गई। जिम्मेदारों ने कागजों में सफाई दिखाकर स्वच्छता अभियान में वाहवाही लूट ली। लेकिन जगह-जगह कूड़े के ढेर, कीचड़ व मच्छरों का प्रकोप आम बात बन चुकी है। जिससे मलेरिया, डेंगू, दस्त जैसी बीमरियों से लोग ग्रसित हो का डर सता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाईकर्मी महीनों से नहीं दिखे और पंचायत ने एंटी लार्वा छिड़काव तक नहीं कराया गया। वहीं पुरानी पाइप लाइनों की लीकेज से जलभराव की स्थिति व गंभीर हो गई है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मरम्मत के बाद भी पानी का रिसाव लगातार जारी है। ग्रामीणों ने विभाग से नई पाइप लाइन डालने की मांग की है।



मंडी अटेली। प्राइमरी स्कूल के सामने लगा गंदगी ढेर। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। पुराने पटवार घर की खंडहर बिल्डिंग। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। गांव की फिरनी पर लीकेज जनस्वास्थ्य विभाग की पाइप लाइन।

**सांसद के गोद लेने के बाद गांव में है अनेक समस्याएं**

गौरतलब है कि यह वही गांव है जिसे सांसद धर्मवीर सिंह ने 2014 से 2019 तक गोद लिया था। ग्रामीण कहते हैं कि अगर गोद लिए गांव की ये हालत है, तो बाकी गांवों की कल्पना की जा सकती है। ग्रामीण के मानें तो सांसद कोटे में गांव में कोई राशि खर्च नहीं हुई। ग्राम पंचायत में नाली बनी है लेकिन निकासी न होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है। गंदगी के कारण मच्छर पनप रहे हैं।

**समस्याओं का कराया जाएगा समाधान**

सरपंच प्रतिनिधि बबरूभान का कहना है कि गांव में दो सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं। जो प्रतिदिन गांव की साफ सफाई करते हैं। गांव की सफाई समस्याओं के बारे में वह गंभीर है। फिर भी गांव में गंदगी है तो जल्द ही गांव की सफाई कराई जाएंगी।

### बीडीपीओं को कराया जाएगा अवगत



सिहमा पंचायत समिति चेयरपर्सन अंजू देवी ने बताया कि गांव की सफाई व्यवस्था को लेकर वह भी गंभीर है। गांव को लोगों की सफाई को लेकर उनको अनेक शिकायतें मिल रही है। इन शिकायतों को लेकर वह खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिहमा से बात करेंगी।

-महिला चेयरपर्सन अंजू देवी

### सरकार स्वच्छता को लेकर गंभीर



गांव के जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा राजकुमार यादव ने बताया कि हमारी सरकार समय समय पर सफाई अभियान व अन्य सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए सेवा पखवाड़ा के रुप में अभियान चलाती रहती है। सांसद चौधरी धर्मवीर ने कचरा उठाने के ग्राम पंचायत को ट्रैक्टर दे रखा है। ट्रैक्टर के संचालन व सफाई व्यवस्था के बारे में सरपंच ही बता पाएंगे। आमजन से अपील है कि साफ सफाई स्वच्छ वातावरण जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

-राजकुमार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष युवा मोर्चा

### पाइपलाइन को जल्द कराया जाएगा दुरुस्त

गांव में एक जेई की नियुक्ति कर रखी है। पहले दौगड़ा अहीर गांव कनीना में आता था। अभी यह गांव अटेली में शिफ्ट हुआ है। फिर भी गांव के किसी भी शिकायतकर्ता के अगर हमें नंबर मिल जाए तो जेई को भेज कर जहां-जहां लीकेज है उनको दुरुस्त करवा देंगे।

-जसवीर, जनस्वास्थ्य विभाग, एसडीओ

## कुलपति ने किया रत्नकुमार सांभरिया की लाठी और अन्य कहानियों का विमोचन



महेंद्रगढ़। रत्नकुमार सांभरिया की लाठी तथा अन्य कहानियां पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

- रत्नकुमार सांभरिया की कहानियां भारतीय समाज की आत्मा को छूती हैं : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शिक्षक डॉ. कामराज सिंधु द्वारा संपादित पुस्तक रत्नकुमार सांभरिया की लाठी तथा अन्य कहानियों का विमोचन किया। यह पुस्तक सुप्रसिद्ध जनकथाकार रत्नकुमार सांभरिया की दस प्रतिनिधि कहानियों का संकलन है, जिनमें समाज की विभिन्न परिस्थितियों, जातीय असमानताओं, स्त्री सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय संवेदना का सशक्त चित्रण किया गया है।

विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. कमलेश कुमारी और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने पुस्तक का विमोचन करते हुए डॉ. कामराज सिंधु को बधाई दी और कहा कि रत्नकुमार सांभरिया की कहानियां भारतीय समाज की आत्मा को छूती हैं। डॉ. कामराज सिंधु का यह संपादन साहित्य जगत के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो युवा पीढ़ी को समाज की सच्चाइयों और मूल्यों से अवगत कराएगा।

**समाज को सोचने के लिए प्रेरित करती पुस्तकें**

विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि रत्नकुमार सांभरिया की लाठी तथा अन्य कहानियां जैसी पुस्तकें समाज को सोचने और आत्ममंथन करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि रत्नकुमार सांभरिया की कहानियां केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों के संवाहक हैं। प्रो. शर्मा ने कहा कि डॉ. कामराज सिंधु ने इन कहानियों को अत्यंत सूझबूझ और अकादमिक दृष्टि से संपादित किया है, जिससे यह संग्रह न केवल हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है बल्कि आम पाठकों के लिए भी समाज की वास्तविकता को समझने का माध्यम बनेगा।

# स्वर्णकार समाज ने मनाई महाराजा अजमीढ़ देव जयंती

> महाराजा अजमीढ़ देव जी की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महाराजा अजमीढ़ चौक पर मंगलवार को स्वर्णकार समाज की ओर से महाराजा अजमीढ़ देव जी की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने अजमीढ़ देव के जीवन पर प्रकाश डाला और समाज के सभी लोगों को एकजुटता से रहने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव सोसायटी ओमप्रकाश सोनी, पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक नरेश, उप निदेशक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. चन्द्रभान सोनी, सुमन सोनी थे। राजेंद्र प्रसाद प्रधान मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पूर्व पार्षद व प्रदेश सलाहकार स्वर्णकार संघ दयानंद सोनी ने मंच संचालन किया।



नारनौल। महाराजा अजमीढ़ को पुष्पमाला अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला प्रधान राजनीतिक भागीदारी मंच शंकरलाल सोनी, प्रधान सर्राफा एसोसिएशन सुरेन्द्र सोनी, महासचिव धर्मेंद्र सोनी, उपप्रधान भारत जौहरी, सतीश सोनी, अमरनाथ सोनी, हरिराम सोनी, मदनलाल सोनी, राकेश सोनी, मंजू सोनी, मीना सोनी पूर्व पार्षद, प्रो. चंद्रमोहन, रामकिशोर, अशोक मास्टर, श्यामलाल सोनी, सत्यनारायण सोनी, सुभाष नेताजी, बिट्टू सोनी, मोहन सोनी, बिक्रम सोनी, हेमू सोनी, सोनी मामराज कॉलोनी आदि मौजूद थे।

# आरएसएस ढाणी बाठोठा मंडल ने मनाया विजयादशमी उत्सव

> संघ कार्यकर्ताओं ने अपनी संगठनात्मक शक्ति, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आरएसएस के ढाणी बाठोठा मंडल के सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संघ कार्यकर्ताओं ने अपनी संगठनात्मक शक्ति, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शस्त्र पूजन, बौद्धिक व राष्ट्रभक्ति वैचारिकी का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि आचार्य प्रद्युम्न ने विजयादशमी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म व अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने शस्त्र पूजन के महत्व को भी समझाया, जिसे शक्ति और संयम का प्रतीक बताया गया। इसका उद्देश्य समाज में सुरक्षा, साहस और संगठन की भावना को जागृत करना है। बौद्धिक सत्र में जिला कार्यवाह मनोज ने संघ के प्रारंभिक काल का उल्लेख किया। कैसे डॉ. हेडगेवार ने बच्चों के साथ खेलते-खेलते राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत करने के लिए इस विशाल संघ की स्थापना की थी। वही संघ आज अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन ही की गई थी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका, आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक एकता और सेवा कार्यों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का समापन स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासनबद्ध प्रार्थना व देश सेवा के संकल्प के साथ हुआ।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

# दुराई-टनकपुर एक्सप्रेस का अटेली स्टेशन पर हुआ ठहराव

> गाड़ी के प्लेटफार्म पर पहुंचते ही नागरिकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया, मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली रेलवे स्टेशन पर सोमवार सायं दुराई टनकपुर एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हुआ। गाड़ी के प्लेटफार्म पर पहुंचते ही नागरिकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। ट्रेन को पूर्व विधायक सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव,जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। ट्रेन के प्रस्थान के साथ ही स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत जीत सिंह, सांसद धर्मवीर सिंह जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। इस मौके पर रेलवे विभाग से डॉ. जगदीश, सीएमई आरके शर्मा, स्टेशन मास्टर गौरव अग्रवाल, थाना प्रभारी देवेंद्र, एसआई कैलाश चंद शर्मा सहित अनेक अधिकारी एवं व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग कई वर्षों से इस ठहराव की मांग कर रहे थे। इसके शुरू होने से यात्रियों को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व उत्तर भारत के अन्य राज्यों की यात्रा में बड़ी राहत मिलेगी। यह ठहराव न केवल आसपास के गांवों के यात्रियों को भी सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। स्थानीय लोगों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, सुरेश शर्मा, दिनेश जेलदार, सुगनचंद सैनी, अशोक यादव, राकेश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, पार्षद अशोक जांगिड़ आदि मौजूद थे।



मंडी अटेली। टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी लाइट दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### श्री विष्णु भगवान मंदिर में खीर का प्रसाद बांटा

**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इस दौरान मंदिर में खीर का प्रसाद तैयार किया गया, जिसे रात्रि में चंद्रमा की शीतल किरणों के प्रभाव से अमृतमय माना गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री विष्णु एवं माता लक्ष्मी को खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया और इस पावन अवसर का आनंद लिया। मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भक्ति गीत, नृत्य एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर प्रभारी शंकर ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर अमृत के समान मानी जाती है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## कुलपति बोले, विद्यार्थियों को व्यावहारिक कार्य के लिए प्रशिक्षित करना समय की मांग

# हकेंवि में संवेदनशीलता कार्यक्रम के 28वें संस्करण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 पर केंद्रित उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम के 28वें संस्करण का शुभारंभ हुआ।

इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को समग्र एवं बहुविषयी शिक्षा, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शैक्षणिक नेतृत्व, अनुसंधान, कौशल विकास, विद्यार्थी विविधता तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी के उपयोग से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार मुख्यातिथि के रूप में तथा डॉ. गुरचरण दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति भारत की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने का एक ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका अब केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उन्हें ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करना है जो अपनी डिग्री प्राप्ति के साथ ही व्यावहारिक रूप से कार्य करने में सक्षम हों। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि एनईपी-2020 ऐसे नागरिकों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान दे सकें।

**प्रतिभागियों का किया स्वागत**

*आयोजन में तकनीकी व्याख्यान प्रो. संजीव कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा में किए गए बदलावों, क्रेडिट प्रणाली और प्रवेश एवं निर्गम विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय में मदन मोहन मालवीय टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार एवं सह-निदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने विशिष्ट अतिथियों, वक्ताओं एवं देशभर के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उपस्थिति, प्रतिक्रिया एवं मूल्यांकन पूर्ण करने पर ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के समन्वयक हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय डॉ. जसवंत कुमार एवं एमएम कॉलेज फतेहाबाद के डॉ. विजय गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभागिता कर रहे हैं।*

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर

उन्होंने आज के तकनीकी युग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों को नई पीढ़ी के विद्यार्थियों का स्वागत उन सभी उपकरणों और तकनीकों के साथ करना चाहिए, जिनसे वे अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकें।